जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 6243 / 2024 दिनांकः 03 अप्रैल, 2024

शीर्ष प्राथमिकता / महत्वपूर्ण

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः– प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में पंजीकृत समस्त विद्यार्थियों की ABC/ APAAR ID (Academic Bank of Credit/ Automated Permanent Academic Account Registry ID) बनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयानुक्रम में सूच्य है कि उ0प्र0 शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्याः 466 / सत्तर–3–2024, दिनांकः 26 फरवरी, 2024 द्वारा प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में पंजीकृत समस्त विद्यार्थियों की ABC/ APAAR ID (Academic Bank of Credit/ Automated Permanent Academic Account Registry ID) बनाये जाने तथा उसे परीक्षा फार्म में अंकित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

तत्क्रम में सूच्य है कि विश्वविद्यालय द्वारा अद्यतन कुल 71,887 विद्यार्थियों की ABC/ APAAR ID निर्मित करते हुए सम्बन्धित विद्यार्थी के परीक्षा फार्म में अंकित किया जा चुका है। जिन विद्यार्थियों के आधार कार्ड में मोबाईल नम्बर पंजीकृत नहीं हैं अथवा महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थी के आधार कार्ड से सम्बन्धित सूचना त्रुटिपूर्ण भरी गयी है, उनकी ABC/ APAAR ID नहीं निर्मित हो पायी है।

अतः आप को निर्देशित किया जाता है कि अपने संस्थान / महाविद्यालय के इन विद्यार्थियों की ABC/ APAAR ID संस्थान / महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कराते हुए परीक्षा फार्म में अंकित कर उसकी सूचना विश्वविद्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

नोटः– **परीक्षा फार्म भरे जाने की अन्तिम तिथि दिनांकः 10 अप्रैल, 2024 तक यदि विद्यार्थी की ABC/ APAAR ID नहीं प्राप्त हो पाती है, तो परीक्षा फार्म में ABC/ APAAR ID के स्थान पर कालेज कोड भरते हुए परीक्षा फार्म भरें तथा ABC/ APAAR ID प्राप्त कर 01 माह के भीतर सम्बन्धित विद्यार्थी का डाटा अपडेट करना सुनिश्चित करें।**

भवदीय,

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थः–

01. माननीय कुलपति जी।
02. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
03. प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
04. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website: www.jncu.ac.inE-mail : jncuballia@gmail.com